दैनिक भास्कर 19/04/2024

# जीएमएन कॉलेज में 28 बच्चों को दी छात्रवृत्ति

**अम्बाला** | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज कैंट में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम किया गया। विद्यार्थियों को अलग-अलग स्तर पर छात्रवृत्ति प्रदान की गई। विद्यार्थियों को योग्यता के आधार पर, पितृहीन बच्चों, पारिवारिक आय, अतिरिक्त सह शैक्षिक गतिविधियों के आधार पर छात्रवृत्ति दी गई। जिसमें 28 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. पिंकी गुप्ता ने विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लक्ष्यों के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को सुनिश्चित किया कि यदि वे अच्छा प्रदर्शन करते हैं और कॉलेज के लिए गौरव हासिल करते हैं तो उन्हें आगामी वर्षों में भी छात्रवृत्ति जारी रहेगी। मौके पर डॉ. सुरेंद्र कुंडू, डॉ. भारती विज, श्याम रहेजा मौजूद रहे।